ಕ್ಷೇತ್ರ ಶಿಕ್ಷಣಾಧಿಕಾರಿಗಳ ಕಾರ್ಯಾಲಯ , ಬೆಂಗಳೂರು ದಕ್ಷಿಣ ವಲಯ - 1

ಪೂರ್ವ ಸಿದ್ಧತಾ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ

೯ನೇ ತರಗತಿ ಮೌಲ್ಯಂಕನ 2023 - 24

ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ - ಹಿಂದಿ. .                ಅಂಕ – ೪೦

I निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए चार-चार उत्तर दिए गए हैं , उनमें सही उत्तर चुनकर संकेत अक्षर के साथ लिखिए ।

1. निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग शब्द है-

   A लड़का. B भाई . C. पिता D. माता

2. उस **औरत** को सभी, मौसी कहकर पुकारते थे। औरत का पर्यायवाची शब्द

   A लड़की B स्त्री C बेटी D बहन

3. निम्न वाक्यों में बहुवचन रूप है --

   A. वह गिर गया । B. बच्चे खेलते हैं ।

   C. तुम आओ । D. लड़की लिखती है ।

4. **हाथ बढ़ाना** - मुहावरे का अर्थ है --

   A. नष्ट होना B. गायब होना C प्रसन्न होना D. मदद करना

5. सूर्य से हमें ताप मिलता है - वाक्य में अपेक्षित विराम चिन्ह है --

   A. ( ! ) B. ( ? ) C. (" " ) D ( । )

6. अपनी मंजिल सच की मंजिल है । **सच** - शब्द का विलोम शब्द है - |

   A. साथ B. नया C. झूठ D. पराया

7. **वीर + उचित** - इसका सही संधि रूप है -- |

   A . वीराचित B. विरोचित C. वीरूचित D. वीरौचित

8. उचित कारक चिन्ह से वाक्य पूर्ण कीजिए । कृष्ण ___ माता यशोदा है ।

   A. का B. की C, के D. से

II. प्रथम दो शब्दों से संबंधित अनुरूपता के अनुसार तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए । 4×1=4

9. सौर ऊर्जा : सूर्य शक्ति :: जल ऊर्जा : --- ।

10. मौसी : कहानी :: नशे के चक्कर में : --- ।

11. भीम : मानव :: बकासुर : ---- ।

12. लाल रंग : रुकना :: हरा रंग : --- ।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । 4×1=4

13. बाबू भाई ने मुफ्त में नारियल किससे मांगा ?

14. शहरों के नाम किसमे सिमट रहे हैं ?

15. कवी किसकी खोज में भटक रहे हैं ?

16. चंदन के पेड़ से कौन लिपटा रहता है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो- तीन वाक्यों में लिखिए । 8×2=16

17. भाई को गिरते देखकर बहन ने क्या किया ?

18. तीन ऊर्जाओं के नाम लिखिए ।

19. कर्नाटक की जनता के लिए गर्व की बात क्या है ?

20. बाबू भाई ने किन-किन से मदद मांगी ?

21. चलना हमारा काम है - इस पद्य में कवि ने क्या संदेश दिया है ?

22. एक से एक मिलने का परिणाम क्या होगा - दो उदाहरण दीजिए ।

23. कल्पना चावला का स्वभाव कैसा था ?

अथवा

कल्पना के बचपन की आकांक्षा क्या थी ?

24. आग बुझाने के लिए कवी ईश्वर से क्या मांगते हैं ?

अथवा

प्रतिभागियों ने लड़के की मदद कैसे की ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए। 9×3=27

25. विभु ने अंत में क्या तय किया ?

26. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?

27. मौसी की खुशी के जीवन का वर्णन कीजिए ।

28. विवेकानंद ने भारत वासियों को क्या उपदेश दिया ?

29. चेरापूंजी की विशेषता क्या है ?

30. चौराहो पर दिए गए संकेतों को विस्तार में बताइए ।

31. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए ।

बड़े बढाई न करें , बड़े न बोले बोल |
रहिमन हीरा कब कहै , लाख टका मम मोल ।

33. मातृभाषा में अनुवाद कीजिए ।

भारत के इतिहास में स्वामी विवेकानंद का नाम अमर है । इस वीर संन्यासी ने देश-विदेश में भ्रमण कर भारतीय धर्म और दर्शन का प्रसार किया और समाज सेवा का नया मार्ग दिखाया ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 5-6 वाक्यों में लिखिए । 4×2=8

34. खेलों का महत्व क्या है ? विवरण दीजिए ।

अथवा

खेलों के प्रकार के बारे में उदाहरण के साथ प्रकाश डालिए ।

35. पद्य भाग को पूर्ण कीजिए ।

जय जय ----------- हमको हरा भरा ।

36. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 4

सुभाष चंद्र बोस एक चतुर और कर्मशिल व्यक्ति थे । देश को आजादी दिलाने के उद्देश्य से ही उन्होंने अंग्रेज सरकार के ऊंचे पद को ठुकरा दिया । वे भारत की स्वतंत्रता के वीर सेनानी थे । इसलिए अंग्रेज सरकार उनसे डरती थी । सुभाष का जीवन देशप्रेम केलिए समर्पित था ।

1. सुभाष कैसे व्यक्ति थे ?
2. सुभाष ने अंग्रेजों के ऊंचे पद को क्यों ठुकरा दिया ?
3. अंग्रेज सरकार सुभाष से क्यों डरती थी ?
4. सुभाष का जीवन किसके लिए समर्पित था ?

37. किसी एक विषय पर 10 - 15 वाक्यों में निबंध लिखिए । 4×1=4

1. पुस्तकों का महत्व । *विषय प्रवेश * लाभ और प्रभाव * उपसंहार
2. पर्यावरण का महत्व । * विषय प्रवेश * महत्व * उपसंहार
3. जनसंख्या की समस्या । * विषय प्रवेश * परिणाम * उपसंहार

38. भाई की शादी में भाग लेने के लिए 2 दिन की छुट्टी मांगते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए । 5

अथवा

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए |

ಕ್ಷೇತ್ರ ಶಿಕ್ಷಣಾಧಿಕಾರಿಗಳ ಕಚೇರಿ, ಬೆಂಗಳೂರು ದಕ್ಷಿಣ ವಲಯ - 1

ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಮೌಲ್ಯಂಕನ - ೯ನೇ ತರಗತಿ - ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ - ಹಿಂದಿ

**Key answer**

I. 1.माता 2 .स्त्री 3. बच्चे खेलते हैं 4. मदद करना 5.(।) 6. झूठ 7.विरोचित 8.की

II. 9. जलशक्ति 10. लोककथा 11. राक्षस 12. चलना

III. 13. नारियल के बगीचे के माली से

14. पूर्वाक्षरों में

15. पूर्णता की खोज में

16. भुजंग

IV. 17. भाई को गिरते हुए देखकर बहन दौड़ आई । भाई खून से लथपथ पड़ा था | बहन ने भाई के हाथ से झंडा थाम लिया | भाई चला गया | बहन बहुत रोई पर झंडा हाथ में उठाए रही । जुलूस के आगे आगे झंडा लिए चलने लगी ।

18. सौर ऊर्जा , जल ऊर्जा, वायु ऊर्जा

19. कर्नाटक की वीरांगना चेन्नम्मा ने पहली बार स्वतंत्रता की जो चिनगारी डाली थी बाद में वह सारे भारत में फैल गई ।

20. माली से , ऊंट सवार से , घुड़सवार से

21. जीवन के सफर में अनेक रुकावटें आती हैं और उनका सामना करते हुए लक्ष्य प्राप्ति तक कदम बढ़ानेवाला व्यक्ति आदरणीय होता है ।

22. एक-एक बूंद पानी मिलकर दरिया बन जाता है |
एक से एक राई मिलकर पर्वत बन जाता है ।

23. कल्पना चावला आरंभ से ही कुशाग्र बुद्धि , दृढ़ निश्चयी , प्रतिभाशाली और मोनी थी । अथवा

चांद - सितारों को छूना कल्पना चावला के बचपन की आकांक्षा थी ।

24. कवि भगवान से विनती कर रहे हैं । आग बुझाने के लिए गंगा को बहाने के लिए कवि ईश्वर से मांग रहे हैं ।

अथवा

सब प्रतिभागियों ने लड़के के पास लौट आए। उसे दोबारा खड़ा किया , उसके आंसू पोंछे धूल साफ की , फिर सारे बच्चों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ा और साथ मिलकर दौड़ लगाई ।

V. 25. विभु ने तय किया कि वह अपने साथियों से चर्चा करके अपने अध्यापक के मार्गदर्शन में सड़क की रक्षा करने की दिशा में कुछ प्रयास अवश्य करेगा ।

26. बकासुर प्रतिदिन एक गाड़ी अन्न दो भैंसे और एक मनुष्य लेता था । नगर के लोग बारी बांधकर सब सामान भेजते थे । उस दिन ब्राह्मण की बारी थी ।

27. मौसी फिर से स्कूल के आंगन में आने लगी | बच्चे उसे घेरे रहते और वह उन्हें कहानियां सुनाती | कभी-कभी लाठी टेकती हुई मोहल्ले का चक्कर काटती, सांझ ढले अपनी कोठरी में चली आती और चैन की सांस लेती ।

28. विवेकानंद ने भारत वासियों को उपदेश दिया कि - प्यारे देशवासियों वीर बनो और ललकार कर कहो कि मैं भारतीय हूं | अनपढ़ भारतीय निर्धन भारतीय ऊंची जाति का भारतीय नीच जाति का भारतीय सब मेरे भाई हैं | उनकी प्रतिष्ठा मेरी प्रतिष्ठा है उनका गौरव मेरा गौरव है ।

29. शिलांग से 53 किलोमीटर दूर पर चेरापूंजी है |यह समुद्र की सतह से कोई 1300 मीटर ऊपर है | यह विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के लिए प्रसिद्ध है | यहां पर एक प्राकृतिक शिवलिंग है | मांसमाई गांव की अंधेरी गुफाएं यहां का विशेष है ।

30. चौराहों पर ट्रैफिक के संकेत होते हैं | हरी पत्ती पर चलना है | लाल पत्ती

पर रुकना है और पीली पत्ती पर सचेत होना है |

ज़ीबरा क्रॉसिंग पर सड़क पार करना है।

31. ध्वनि , मिट्टी , जलवायु जीव जगत का मित्र है | इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है एक वृक्ष के बदले में 11 वृक्ष लगाना है | पर्यावरण की रक्षा का शपथ हमें लेना है

32. बड़े लोग न ज्यादा बोलते हैं, न ही अपनी प्रशंसा करते हैं |

रहीम कहते हैं कि हीरा कब कहता है कि उसका मूल्य लाख मुद्राएं हैं।

33. ಭಾರತದ ಇತಿಹಾಸದಲ್ಲಿ ಸ್ವಾಮಿ ವಿವೇಕಾನಂದರ ಹೆಸರು ಅಮರವಾಗಿದೆ ಈ ವೀರ ಸನ್ಯಾಸಿ

ದೇಶ ವಿದೇಶಗಳಲ್ಲಿ ಸಂಚರಿಸಿ ಭಾರತೀಯ ಧರ್ಮ ಮತ್ತು ದರ್ಶನದ ಪ್ರಚಾರ ಮಾಡಿದರು

ಹಾಗೂ ಸಮಾಜ ಸೇವೆಯ ಒಂದು ಹೊಸ ಮಾರ್ಗವನ್ನು ತೋರಿಸಿದರು.

34. खेल की दुनिया सदा आनंद और उल्लास का दुनिया है | खेल से तन मन स्वस्थ होता है | मनोरंजन मिलता है | खेल से नाम और धन प्राप्त होते हैं | खेल छात्र जीवन का महत्वपूर्ण अंग है | छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी जरूरी है | खेलो द्वारा बच्चों में धैर्य, लग्न ,परिश्रम , उत्साह तथा परस्पर सहयोग आदि गुणों का विकास होता है ।

35. जय जय भारत माता

ऊंचा हिया हिमालय तेरा

उसमें कितना स्नेह भरा

दिल में अपने आग दबाकर

रखता हमको हरा भरा।

36.

1. सुभाष एक चतुर और कर्मशिल व्यक्ति थे
2. देश को आजादी दिलाने के उद्देश्य से ही सुभाष ने अंग्रेज सरकार के ऊंचे पद को ठुकड़ा दिया ।
3. सुभाष भारत की स्वतंत्रता के वीर सेनानी थे ।
4. सुभाष का जीवन देश प्रेम के लिए समर्पित था।

37. निबंध

38 पत्र लेखन